शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ॥ संघे शक्ति कलयुगे ॥ पंजीयन क्र.03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-81455, 76930-81455
Email : dharmendra4528@gmail.com

**क्रमांक 166/पट. संघ/2025** **दिनांक 18/03/2025**

प्रिय,

समस्त पटवारी साथियों,
मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल।

सादर वंदेमातरम....

मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल की वर्तमान प्रांतीय कार्यकारिणी गठन एवं शपथ विधि समारोह का इस माह पुरे एक वर्ष का सफलतम कार्यकाल पुर्ण हुआ है। इस हेतु प्रदेश के उन समस्त पटवारी साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं जिनके जोश, आशा ओर विश्वास की डोर के सहारे पर हम अपने इस संगठन की गौरवशाली परंपरा की ध्वजा विपरीत परिस्थितियों में भी थामें निरंतर संघर्षरत होकर विगत एक वर्ष में आप सभी के सहारे सफल भी रहे है।

मेरा ऐसा मानना एवं विगत कई चुनावों के पश्चात अनुभव रहा है कि, संघ संगठन के प्रत्येक लोकतांत्रिक निर्वाचन पश्चात प्रारंभिक प्रथम वर्ष सदैव ही चुनौतीपूर्ण रहे हैं। जिसमें निश्चित रूप से पराजित उम्मीदवारों से संघ, संगठन की एकता को विघटित कर कमजोर करने का सदैव प्रयास रहा है। किंतु आप सभी के जोश एवं सहयोग से सदा ही उन सभी संघ विध्वंस एवं विघटनकारी शक्तियां के अस्तित्व समाप्त हुआ है, तथा आशा करता हूं कि आगामी वर्ष में सभी पुनः इस संघ ओर संगठन में एकीकरण होकर सभी साथियों की एकता की मिशाल कायम करेंगे तथा शासन के सामने हम पुनः अपनी पुर्ण शक्ति के साथ पटवारी हितों के लिए कटिबद्ध होकर संघर्षशील होंगे।

साथियों इस कार्यकारिणी के सफलतम एक वर्ष के दौरान हमने आप सभी के सहयोग ओर एकता के बल पर ई- डायरी उपस्थिति जैसे अव्यवहारिक एप्प का पुरजोर विरोध किया एवं इसे लागू करने की शासन की हर कोशिश को विफल किया, तथा हम सफल भी रहे है। इसी प्रकार तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हम शासन से विगत हड़ताल अवधि के वेतन का आदेश कराने में भी सफल रहे हैं। समय समय पर मासिक वेतन के साथ एग्री स्टेक भत्ते के विलंब होने संबंधित समस्याओं का निराकरण भी हमारे प्रदेश स्तर पर कराया गया। जिससे प्रदेश के सभी जिलों में एग्री स्टेक भत्ते निर्बाध रूप से मिल रहे है। इन्हीं सब के बीच हमारी एक ओर सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि संबंधित पत्र शासन द्वारा हमें मिला है। जिसके लिए हम लगातार प्रयासरत रहे है।

निरंतर पृष्ठ क्रमांक 02 पर.....

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त || संघे शक्ति कलयुगे || पंजीयन क्र.03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893766595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स., एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-81455, 76930-81455
Email : dharmendra4528@gmail.com

क्रमांक 166/पट. संघ/2025  दिनांक 18/03/2025

वो है "कैडर रिव्यू" लागू करने संबंधित आदेश का पत्र राजस्व विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा माननीय राजस्व मंत्री महोदय मध्यप्रदेश के निर्देश पर आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर को जारी कर क्रियान्वयन करने हेतु आदेशित किया है। जिसकी प्रति शासन ने हमें भी भेजी है, जो संलग्न है। यह आदेश हम सभी पटवारियों के वेतनमान सहित आर्थिक मजबूती की नींव का पत्थर साबित होगा। इस हेतु प्रदेश एवं संगठन सभी साथी बधाई योग्य है। आप सभी की आस्था विश्वास एवं जोश से मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल अपने संघर्षों मे सदैव सफल होगा । इसी उज्जवल कामना के साथ...

संलग्न :- कैडर रिव्यू संबंधित शासन आदेश की प्रति एवं संघ के पत्र व्यवहार

आपका ही...

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
**प्रांताध्यक्ष**
**मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल**

मध्यप्रदेश् शासन

राजस्व विभाग

वल्लभ भवन मंत्रालय -462004

क्रमांक एफ 1/1/16/0001/2022/सात-5, भोपाल, दिनांक /02/2025

प्रति

आयुक्त,

भू-अभिलेख, म०प्र०

ग्वालियर।

विषयः- प्रदेश के पटवारी संवर्ग के लिए ''कैडर रिव्यू'' प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन आदेश जारी करने बाबत ।

------0-----

उपरोक्त विषयांतर्गत माननीय मंत्री जी, राजस्व विभाग, से प्राप्त पत्र क्रमांक 410/2025 दिनांक 04/02/2025 के साथ सहपत्रों की छायाप्रति संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

निर्देशानुसार कृपया प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न :- उपरोक्तनुसार।

(राजेश कुमार कौल)

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

पृ.क्रमांक एफ 1/1/16/0001/2022/सात-5, भोपाल, दिनांक 28 /02/2025

प्रतिलिपि

1. निज सचिव, माननीय मंत्री जी राजस्व विभाग का पत्र क्रमांक 410/2025 दिनांक 04/02/2025 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रान्ताध्यक्ष, मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल पानी संकी के पास दक्षिण करौदिया जिला सीधी (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त || संघे शक्ति कलयुगे || पंजीयन क्र.03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ


**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com


क्रमांक141/पट.संघ/2025 दिनांक 21/01/2025

**प्रति,**

**माननीय राजस्व मंत्री महोदय,**
**राजस्व विभाग म.प्र. शासन भोपाल।**

**विषय :- प्रदेश के पटवारियों के लिए "कैडर रिव्यू" प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन आदेश जारी करने बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि प्रदेश के पटवारियों के लिए "कैडर रिव्यू" हेतु एक प्रोजेक्ट टीम का गठन किया गया था। इस प्रोजेक्ट टीम में विशेष अनुभवी व उनके मार्गदर्शन में ड्राफ्ट प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की गई थी। जिनमें प्रमुख रुप से 1. श्री आर परशुराम जी, डायरेक्टर जनरल अटल बिहारी बाजपेई इंस्टीट्यूट आफ गुड गवर्नेंस एवं पालिसी एनालिसिस, (AIGGPA) एवं पूर्व मुख्य सचिव म.प्र.शासन 2. श्री मंगेश त्यागी, प्रमुख सलाहकार, Centre for NRM & Decentralised Governance, AIGGPA तथा प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर एवं आर्थर 3. डाक्टर अनिता गोविंदराज, सलाहकार, Centre for NRM & Decentralised Governance, AIGGPA द्वारा कैडर रिव्यू रिपोर्ट का प्रारूप तैयार कर आयुक्त भू-अभिलेख मोती महल ग्वालियर को वर्ष 2019 में प्रस्तुत की गई है। इसमें उल्लेखित अधिकांश बिंदुओं को पटवारी पदों की भर्ती एवं विभागीय एकीकरण में अन्य पदो के विलय में प्रोजेक्ट के मसौदे की नीति अनुसार शामिल किया गया।

इसमें निम्न बातों का उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में पटवारियों को भू-अभिलेख के मूल कार्य के अलावा अन्य कई प्रकार के कार्य जैसे न्यायालयीन प्रतिवेदन, नामांतरण-बटवारा रिपोर्ट, गिरदावरी फसल बीमा, उपार्जन, जाति प्रमाण पत्र, बी.पी.एल जांच, कृषि संगणना, ऋण वसूली में सहयोग जैसे कार्यो को भी दैनिक रूप से करने पड़ते हैं। लोक तवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत

**निरंतर पृष्ठ क्रमांक 02 पर...**

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



क्रमांक141/पट.संघ/2025 दिनांक 21/01/2025

नामांतरण, बटवारा और सीमांकन के निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसमें पटवारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजस्व विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली कई अन्य सेवाएं इस अधिनियम के दायरे में आती हैं। जिसमें पटवारी की निका महत्वपूर्ण है। डिजिटल इंडिया मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम (DILRMP) के अंतर्गत भू-अभिलेखों के आधुनिकीकरण की कार्यवाही प्रदेश में प्रचलित है। भू- अभिलेखों के आधुनिकीकरण के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में सर्वे/रीसर्वे का कार्य किया जाना है। इस कार्य में भी पटवारी की प्रमुख भूमिका है।

वर्ष 2018 में म.प्र.भू-रा.संहिता में किए गए संशोधन के अंतर्गत धारा 104/107 में ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि के लिए भू-अभिलेखों का निर्माण, शहरीय क्षेत्रों में भूमि के प्रबंधन और नक्शा निर्माण हेतु भूमि के सर्वेक्षण के प्रावधानों से भी पटवारियों के कार्यभार में वृद्धि हुई है। कार्यभार में वृद्धि के कारण, पटवारियों को निर्धारित समय सीमा में नागरिकों की संतुष्टि अनुसार कार्य को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता
है। इस प्रकार बदले हुए परिदृश्य में पटवारी के बढ़ते कार्य-भार को दृष्टिगत रखते हुए, नागरिकों को समय सीमा में तथा उनकी संतुष्टि से सेवा प्रदाय किये जाने, डिजिटल इंडिया मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत भू- अभिलेखों के आधुनिकिकरण की योजना एवं शहरी क्षेत्रों में नगर सर्वेक्षक की नियुक्ति को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में पटवारियों के उपलब्ध पदों का पुनरीक्षण किया जाना आवश्यक हो गया है। प्रदेश में शासन द्वारा निर्णय लिया जाकर ग्राम पंचायतवार हल्कों का निर्माण किया जा चुका है, इस हेतु पटवारी पदों का सृजन किया जाना है।

**निरंतर पृष्ठ क्रमांक 03 पर.....**

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ

**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com



क्रमांक141/पट.संघ/2025 दिनांक 21/01/2025

**इसी के ड्राफ्ट की टेबल क्रमांक 24 में प्रमोशन प्लान आफ पटवारी का उल्लेख निम्नांकित हैं।**

| **क्रमांक** | **पदनाम** | **पे स्केल** | **नंबर आफ ईयर्स** |
|---|---|---|---|
| **1** | **पटवारी** | **5200-20200+2100 grade pay** | **Date of appointment** |
| **2** | **सीनियर पटवारी** | **5200-20200+2800 grade pay** | **6 years of service** |
| **3** | **सेक्टर आफिसर** | **9300-34800+3600 grade pay** | **14 years of service** |
| **4** | **सीनियर सेक्टर आफिसर** | **9300-34800+4200 grade pay** | **24 years of servic** |

वर्तमान समय में प्रदेश में लगभग 24000 पटवारी पद सृजित होकर कार्यरत है। इतने अधिक पटवारी के अगले पदोन्नत पद क्रमशः 1.राजस्व निरीक्षक 2.नायब तहसीलदार 3.तहसीलदार है। जिनमें से राजस्व निरीक्षक पद डेड कैडर होना संभावित है। तथा इस पद हेतु कई वर्षों से शासन द्वारा नियुक्ति या पदोन्नति नहीं की गई है। इसी प्रकार अगले पदोन्नत पद जैसे नायब तहसीलदार व तहसीलदार पदो की संख्या भी पटवारी पदों के मुकाबले अत्यधिक न्यूनतम संख्या है। जिनमें से भी 75 प्रतिशत पी एस सी परीक्षा के माध्यम से सीधे भरे जाते हैं, तथा लगभग 25 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा व पदोन्नति से भरे जाने का नियम है। जिनकी संख्या महज सैकड़ों में आती है। जिसके कारण महज एक प्रतिशत से भी कम पटवारियों को उक्त पदोन्नत पद के लाभ की संभावना होकर शेष 99 प्रतिशत में हजारों की संख्या में पटवारी बिना पदोन्नति के लाभ से वंचित होकर सेवानिवृत्त होने की पूर्ण संभावना है।

**निरंतर पृष्ठ क्रमांक 04 पर.....**

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त || संघे शक्ति कलयुगे || पंजीयन क्र.03473/12/11/73

# मध्यप्रदेश पटवारी संघ


**उपेन्द्र सिंह बाघेल**
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893765595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

**धर्मेन्द्र शर्मा**
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
269, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com




क्रमांक141/पट.संघ/2025 दिनांक 21/01/2025

इसलिए प्रदेश का पटवारी उक्त कैडर रिव्यू को लागू करने का पक्षधर होकर शासन से मांग करता है कि कैडर रिव्यू के मसौदे को लागू किया जाएं। ताकि अन्य शासकीय कर्मचारियों की भांति पटवारी को भी एक निश्चित समय सीमा में पदोन्नत पद एवं उसका आर्थिक लाभ मिल सके।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि उक्त कैडर रिव्यू योजना को लागू करवाने का कष्ट करें।

संलग्नः- कैडर रिव्यू ड्राफ्ट की प्रति

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रांताध्यक्ष
मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल